हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 3 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

4

शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में वार्षिक उत्सव, किया गया प्रतिभाओं का सम्मान



## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष जूदेव 5 को आएंगे

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव के प्रथम जशपुर आगमन पर 5 फरवरी बुधवार को जिलेभर में भव्य स्वागत रैली एवं स्वागत समारोहों का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम को लेकर युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वागत यात्रा की शुरुआत प्रातः 09:30 बजे लवाकेरा से होगी। इसके पश्चात क्रमशः तपकरा (10:30 बजे), फरसाबहार (12:00 बजे), दोकड़ा (01:30 बजे), बगिया (02:00 बजे) एवं कुनकुरी (03:00 बजे) में स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुनकुरी में हनुमान टेकरी में पूजा-अर्चना, अटल परिसर एवं स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके उपरांत जूदेव प्रतिमा से कुनकुरी बस स्टैंड तक भव्य स्वागत रैली निकाली जाएगी। दोपहर पश्चात चरईडाइ (04:15 बजे), पतराटोली (04:25 बजे), बालाछापर (04:45 बजे) तथा गम्हरिया (05:00 बजे) में स्वागत समारोह एवं बाइक रैली आयोजित की जाएगी। जशपुर में आगमन पर स्व. श्री दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा, भगवान बालाजी एवं माँ काली मंदिर, तथा महाराजा चौक स्थित श्री राजा विजय भूषण सिंह जूदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सायं 06:00 बजे बस स्टैंड जशपुर में स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात बस स्टैंड से भाजपा कार्यालय तक पदयात्रा निकाली जाएगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन भा.ज.यु.मो. वृषभ गोपाल कश्यप एवं विकास राजा सोनी के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजकों ने जिलेभर के कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम सरडीह निवासी स्व. रोमन तिर्की का कुआं के पानी में डूबने से 22 अप्रैल 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता फुलकेरिया तिर्की हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# स्थानीय वन औषधियों से तैयार होगा उच्च गुणवत्ता का च्यवनप्राश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर वन विभाग अब वन संरक्षण के साथ-साथ आमजन के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में भी बड़ी पहल करने जा रहा है। विभाग द्वारा जल्द ही उच्च गुणवत्ता से भरपूर च्यवनप्राश बाजार में उतारा जाएगा, जिसका लाइसेंस विभाग को आयुष मंत्रालय द्वारा हल ही में प्राप्त हो चुका है। यह च्यवनप्राश पूरी तरह से स्थानीय स्तर पर, स्थानीय जंगलों की जड़ी बूटियों के मिश्रण से तैयार किया जाएगा। जशपुर के जंगलों में उपलब्ध वन औषधिया अब सीधे रूप में मानव स्वस्थ को बेहतर बनाने के काम आएंगी,स्थानीय जंगलों में उपलब्ध जड़ी बूटियों को इस उत्पाद से राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान मिलेगी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जशपुर में बनने के वाले इस च्यवनप्राश की सबसे बड़ी खासियत इसकी शुद्धता और गुणवत्ता होगी। इसमें स्थानीय जंगलों में पाई जाने वाली औषधीय वनस्पतियों का उपयोग किया जाएगा, जिससे इसका औषधीय प्रभाव और भी अधिक प्रभावी होगा। यह उत्पाद बाजार में उपलब्ध सामान्य च्यवनप्राश की तुलना में बेहतर गुणवत्ता का होगा।

**जंगल से जन-जन के स्वास्थ्य को संरक्षित करने की योजना**

**आरोग्य अमृत'अवलेह नाम से जल्द बाजार में होगा उपलब्ध**




**स्वस्थ और स्वावलंबन दोनों साथ साथः** कुल मिलाकर, जशपुर वन विभाग की यह पहल स्वास्थ्य, स्वावलंबन और स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।जिससे न केवल स्वस्थ में सुधार होगा बल्कि स्थानीय लोगों को औषधीय वनोपज के व्यापार को भी बल। मिलेगा, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**क्या कहते हैं वन मण्डलाधिकारी :** जशपुर वन मण्डल के वन मंडलाधिकारी शशि कुमार का कहना है कि जशपुर के जंगलों में उपलब्ध वनोपज से ही च्यवनप्राश का उत्पादन किया जा रहा है जिसे आरोग्य अमृत नाम दिया गया है। हमारे इस प्रयास से लोंगो को बेहतर स्वस्थ के लिए औषधीय गुणों से भरपूर च्यवनप्राश आरोग्य अमृत प्राप्त होगा साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी।

### कम शक्कर, ज्यादा आंवला होगी इसकी विशेषता

इस च्यवनप्राश में मिठास के लिए शक्कर की मात्रा कम रखी जाएगी, जबकि आँवला की मात्रा अधिक होगी। आंवला इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है, ऐसे में यह च्यवनप्राश बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए लाभकारी साबित होगा।

### छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड के तहत हो रहा निर्माण

यह च्यवनप्राश छत्तीसगढ़ हर्बल बॉन्ड के अंतर्गत तैयार किया जा रहा है और इसे 'आरोग्य अमृत'नाम से बाजार में उतारा जाएगा। इससे न केवल लोगों को शुद्ध और भरोसेमंद आयुर्वेदिक उत्पाद मिलेगा, बल्कि स्थानीय वन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### आर्थिक और स्वास्थ्य दोनों को लाभ

वन विभाग की इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।जिससे स्थानीय निवासियों का आर्थिक विकास भी सुनिश्चित है, साथ ही जशपुर को आयुर्वेदिक और हर्बल उत्पादों के एक नए केंद्र के रूप में पहचान मिलने की उम्मीद है।

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर वन विभाग की प्रशिक्षण कार्यशाला

# माउंट एवरेस्ट से भी अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरते हैं पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

▪ विदेशी प्रवासी पक्षियों एवं उनके संरक्षण की दी गई जानकारी

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर वन मंडल जशपुर के तत्वावधान में जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित नीमगांव जलाशय परिसर में प्रशिक्षण कार्यशाला एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन तथा वन विभाग की टीम शामिल हुई।

कार्यक्रम के दौरान नीमगांव वेटलैंड, जशपुर वनमंडल कैटलॉग का विमोचन डीएफओ शशि कुमार, एसडीओ वन करन सिंह, विधायक रायमुनी भगत, रागिनी भगत, नागेंद्र भगत ने किया। इसके पश्चात उपस्थित ग्रामीणों एवं प्रतिभागियों ने वेटलैंड मित्र के रूप में स्वेच्छा से कार्य करने की शपथ ली। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) शशि कुमार ने विदेशी प्रवासी पक्षियों की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासी पक्षी लगभग 8000 किलोमीटर की दूरी तय कर नीमगांव जलाशय तक पहुंचते हैं। ये पक्षी माउंट एवरेस्ट से भी अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम होते हैं तथा बिना रुके करीब 800 किलोमीटर तक निरंतर उड़ सकते हैं। डीएफओ ने कहा कि यह क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि विदेशी प्रवासी पक्षी नीमगांव जलाशय को अपना अस्थायी बसेरा बना रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वन विभाग द्वारा नीमगांव में पक्षी विहार का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आमजन स्थानीय एवं विदेशी प्रवासी पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।





### नवंबर से फरवरी तक दिखाई देते हैं प्रवासी पक्षी

डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि विदेशी प्रवासी पक्षी नवंबर से फरवरी के बीच नीमगांव जलाशय में देखे जाते हैं। इसके बाद वे पुनः अपने गंतव्य की ओर लौट जाते हैं। ये पक्षी सामान्यतः उन आर्द्रभूमि क्षेत्रों में आते हैं, जहां जलस्तर तीन मीटर से कम होता है।

### पक्षियों को नुकसान पहुंचाने पर होगी सख्त कार्रवाई

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि विदेशी प्रवासी पक्षियों का आगमन जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पक्षियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी से पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण के लिए संकल्प लेने की अपील की।

### पक्षी मित्र बनकर संरक्षण का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा महामंत्री मण्डल जशपुर शहर एवं नीमगांव सरपंच नागेंद्र भगत ने कहा कि पक्षी हमारे मित्र हैं और उन्हें किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। नीमगांव का वातावरण प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल है। उन्होंने ग्रामीणों से पक्षी मित्र बनकर संरक्षण में सहयोग करने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया।

### स्वच्छता अभियान चला, इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के अंतर्गत जलाशय क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर रागिनी भगत भाजपा उपाध्यक्ष जशपुर मंडल शहर, रोशन, भगत, भैय्या राम, विशाल भगत, महावीर राम, विनोद अवधार, करोंजा के पवन इसके आलावा वन मंडल की टीम सागर भगत, विनोद भगत, दीपक मिंज, बिंदेश्वर भगत, विजय थापा, दिनेश लकड़ा, संगीता भगत, सुरेश लकड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ शुरू होगी श्रीमद् भागवत कथा



▪ तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे कार्यकर्ता

**जशपुरनगर।** फरवरी से शुरू होने जा रहे संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से शुरू होगा। शहर के श्रीहरि कीर्तन भवन में 4 फरवरी से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा।

आयोजन की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से होगी। भागवत कथा में श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराने वृंदावन के प्रसिद्ध कथाकार आचार्य करूणा शंकर महाराज का जशपुर आगमन हो रहा है। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि आयोजन समिति के कार्यकर्ता कथा स्थल की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए है। समिति के मार्गदर्शक रामनिवास अग्रवाल, सुशील मुंदडा सतेंद्र सिंह, राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल ने बताया आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के बैठने और उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। तैयारी में समिति के सदस्य कमल कांत वर्मा, रोहित गुप्ता, राजा सोनी, पवन, अंकुर गुप्ता, अमित सोनी अंशुमन सोनी कार्यक्रम को सफल बनाने में जोर सोर से काम में जुटे हुए हैं। गायत्री मंदिर के रवि गुप्ता, श्वेता दुबे सहित सदस्यों का भी सहयोग मिल रहा है। सीमा गुप्ता, नीतू गुप्ता स्वेता सिंह रेखा गुप्ता कंचन सोनी, रानी गुप्ता ,शशि साहू ,अनुराधा चैरसिया, अर्चना गुप्ता, सावित्री बरेठ सहित आयोजन ⏭ शेष पेज 4 पर

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सिमनु का बीईओ ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शासकीय प्राथमिक शाला राजाआमा के प्रधान पाठक सिमनु राम भगत अर्धवार्षिक आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पेंशन अदायगी आदेश शाल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वय सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सेवानिवृत्ति पर सिमनु राम भगत ने कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आज सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन अदायगी का आदेश दिया गया है वह काबिले तारीफ है। पहले पेंशन के लिए चक्कर काटने पड़ते थे आज हमें काफी सुकून का अनुभव हो रहा है।

# नारी शक्ति और शौर्य का प्रतीकः प्रियम्वदा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

▪ वनवासी कल्याण आश्रम में मनाया गया नारी शक्ति दिवस

शहर के वनवासी कल्याण आश्रम में नारी शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगालैंड की रानी गाइदिनल्यू की स्मृति में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव ने कहा कि रानी गाइदिनल्यू ने महज 13 साल की उम्र में ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ संघर्ष में कूद पड़ी थी।

अंग्रेजी सरकार के खिलाफ लड़ते हुए उन्होनें अनेक कष्ट सहे और जेल गई। उनका जीवन और संघर्ष भारत के साथ पूरे विश्व की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। प्रियम्वदा सिंह जूदेव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का रूप मान कर पूजा करने की परंपरा है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिलती है। महारानी लक्ष्मी बाई, अहिल्या बाई जैसी महिलाओं ने अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष कर देश की स्वतंत्रता की नींव रखी थी। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी शामिल थे।

# गायत्री परिवार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के प्रतिनिधियों ने दिया नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

▪ समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत नशा मुक्ति केंद्र में हुआ कार्यक्रम

समाज कल्याण विभाग जशपुर के द्वारा नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि नशा मुक्ति केंद्र जशपुर में विभिन्न प्रकार के नशे से ग्रसित हितग्राहियों का एक प्रकार से विधिवत जीवन शैली में परिवर्तन करते हुए उनका इलाज करके नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है।

इसी तारतम्य में उक्त नशा मुक्ति केंद्र में गायत्री परिवार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया गया था। जिसमें गायत्री परिवार से रवि गुप्ता ने नशा मुक्ति के संबंध में हितग्राहियों को प्रेरणादाई बातें बताई एवं नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षक रवि गुप्ता के द्वारा गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब तंबाकू आदि दुर्व्यसनों के बारे में बताया गया और उनसे होने वाले बीमारियों के संबंध में एवं पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति आंदोलन एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में जिसमें समुदाय, परिवार, मित्र और शैक्षणिक संस्थानों सहित अधिक से अधिक लोगों को मिलकर जागरकता लानी चाहिए क्योंकि नशा समाज को खोखला कर रहा है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणाम को चित्र दिखाकर समझाया उन्होंने बीड़ी सिगरेट के संबंध में बताया कि इसके सेवन से आंतो में अल्सर एवं फेफड़े की भयंकर बीमारी होती है।

श्री गुप्ता ने कहा कि शराब के सेवन से लीवर जल्दी खराब होती है, पागलपन की बीमारी एवं हजारों दुर्घटनाएं भी इसी के कारण होती है एवं पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। कार्यक्रम में गायत्री परिवार से चरकु राम द्वारा नशा छोड़ने के उपाय बताए गए, बुरी संगति से बचाव योग प्राणायाम आदि का संबंध में बताया गया।

### हम सभी परमपिता परमेश्वर को दिव्य संतान

इस दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहनों के द्वारा भी मार्गदर्शन देते हुए बताया गया कि हम सभी परम पिता परमेश्वर की दिव्य संतान है एवं उनके ही अंश हम सभी में है। और इस शरीर को हमें शुद्धता एवं पवित्रता के साथ रखकर सभी प्रकार के नशे से दूर रखते हुए इस जीवन को महान बनाना चाहिए। इस अवसर पर सभी को नशा छोड़ने के लिए शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र से नन्द किशोर सिंह, नितेश भगत, धर्मेंद्र कुमार एवं केंद्र से सभी हितग्राही मौजूद थे।

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष के बाद मिलेगी 3 हजार रुपए मासिक पेंशन

# नगरीय क्षेत्रों में श्रम योगी मानधन योजना के तहत पंजीयन शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत नगरपालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से पात्र असंगठित श्रमिकों का पंजीयन कार्य 15 फरवरी 2026 तक सतत रूप से किया जाएगा।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत फुटकर विक्रेता, रिक्शा चालक, निर्माण श्रमिक, घरेलू श्रमिक, कचरा बिनने वाले, कृषि श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, मोची, हस्तकरघा श्रमिक, धोबी, चमड़ा कार्य से जुड़े श्रमिक, अंतर्राज्यीय श्रमिक सहित अन्य असंगठित व्यवसायों से जुड़े श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करते हुए 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात प्रति माह 3,000 की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। कलेक्टर रोहित व्यास ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के साथ ही विशेष शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी देकर उनका अधिक से अधिक पंजीयन कराया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ सभी पात्र श्रमिकों तक पहुँचना चाहिए और कोई भी योग्य व्यक्ति इससे वंचित न रहे।



### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 60 वर्ष के आयु पश्चात मासिक पेंशन प्रदाय करने के लिये भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में 18 से 40 वर्ष आयु समूह के असंगठित श्रमिक जिनकी मासिक आमदनी 15 हजार से कम हो योजना में शामिल हो सकते हैं। इस योजना के तहत 55 से 200 रुपए तक अगल-अगल आयु समूह के अनुसार प्रतिमाह अंशदान देय होगा एंव अंशदान के बराबर के राशि भारत सरकार, श्रम मंत्रालय के द्वारा देय होगा। 60 वर्ष के पश्चात प्रत्येक श्रमिक को 3000 रुपए न्यूनतम प्रतिमाह पेंशन देय होगा, योजना में शामिल श्रमिक की 60 वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने पर उसके नॉमित द्वारा निर्धारित अंशदान देय होगा, 60 वर्ष की आयु पश्चात पेंशन हितग्राही की मृत्यु हो जाने पर उसके नामित को 50 प्रतिशत पेंशन देय होगी।

## खबर संक्षेप

### राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



**सीतापुर।** नगर में नवनिर्मित राम मंदिर में राम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा से पहले भक्तों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर से निकली यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए बीआरसी भवन के बाजू में नव निर्मित राम मंदिर पहुंची जहां राम जानकी की आरती पूजन के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित भंडारे में शामिल होकर लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।विदित हो कि नवनिर्मित राम मंदिर में राम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन तीन बजे से शुरू होने वाला श्रीराम कथा 1 फरवरी से 13 फरवरी तक अनवरत जारी रहेगा। यज्ञाचार्य पंडित रितेश तिवारी एवं कथा व्यास पंडित अवधेश तिवारी महाराज द्वारा श्रीराम के जीवनी पर आधारित कथा का वाचन किया जाएगा। 14 फरवरी को पूर्णाहुति महाआरती एवं महाभण्डारे का आयोजन किया जाएगा। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पूजन एवं रुद्राभिषेक के साथ श्रीराम कथा महा यज्ञ का सामान किया जाएगा।

### नूप बने जिला भाजपा युवा मोर्चा के नीति एवं अनुसंधान सह प्रमुख



**सोनगरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा को मजबूती देने की दिशा में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी के सहमति से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में ग्राम राई, भटगांव मंडल निवासी अनूप जायसवाल को जिला भाजयुमो नीति एवं अनुसंधान सहप्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी है।

### सरगुजा ओलंपिक में खम्हरिया के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**डांडगांव।** सरगुजा ओलम्पिक के तहत आयोजित विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के गोला फेंक जूनियर बालिका में प्रथम चंचल, द्वितीय रोशनी और अनीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल जूनियर बालक में कक्षा 11वीं के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल सीनियर बालक विद्यालय की टीम प्रथम स्थान पर रही। फुटबॉल जूनियर बालिका में प्रथम तथा फुटबॉल सीनियर में द्वितीय कराटे में खिलाड़ियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कराटे सीनियर बालिका रिंकू सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन जूनियर बालक एवं बालिका प्रतीक कुमार प्रथम और वृंदा राजवाड़े द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सुनील सिंह ने खिलाड़ियों, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### भाजयुमो शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष बने अंकित

**बिश्रामपुर।** भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार भाजयुमो



जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसी क्रम में शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में अंकित दुबे की नियुक्ति की गई है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### भाजयुमो जिला कार्यकारिणी में अनुराग बने जिला कार्यसमिति सदस्य

**सोनगरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश



अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित सूची में संगठन के प्रति निरंतर समर्पण, सक्रिय भूमिका एवं कार्यक्षमता को देखते हुए अनुराग द्विवेदी को भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में दायित्व सौंपा गया।

### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बने अभिषेक गुप्ता

**भैयाथान।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के निर्देशानुसार, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। भैयाथान मंडल अध्यक्ष के रूप में अभिषेक गुप्ता को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मंडल के नेताओं के साथ बैठक कर जल्द ही मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

## सरगुजा संभाग के अलग अलग क्षेत्र में खपाते थे नशीले इंजेक्शन

# झारखंड के नशीले इंजेक्शन के मुख्य सप्लायर व पार्टनर्स सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

नशेड़ियों एवं नशे के कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने झारखंड के नशीले इंजेक्शन के मुख्य सप्लायर एवं पाटनर्स सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने न सिर्फ मुख्य सप्लायर व पार्टनर को पकड़ा बल्कि उनके पास से 7.50 लाख कीमत के 15 सौ नशीले इंजेक्शन जब्त किया। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की ने आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश कर रिमांड में लिया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में बतौली क्षेत्र में गश्त पर जाने के दौरान ही 30 जनवरी को गोदरमाना झारखंड निवासी अनूप गुप्ता एवं बतौली निवासी विनय गुप्ता को संदिग्ध हालत में देख पकड़ा था। टीम ने आरोपियों के पास से 6 लाख कीमत की 12 सौ नग नशीला इंजेक्शन जब्त किया था। साथ ही दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कराया था। जेल दाखिल कराने से पूर्व आरोपी अनूप गुप्ता ने बताया था कि नशीला इंजेक्शन गढ़वा जिले के रंजीत विश्वकर्मा से खरीदता है जो झारखंड का मुख्य सप्लायर है। रंजीत विश्वकर्मा अपने पार्टनर्स मंजूर अंसारी और प्रमोद कुमार सरगुजा संभाग के अलग अलग क्षेत्र में रंजीत विश्वकर्मा के नशीले इंजेक्शन की सप्लाई करने का काम करते हैं। इधर झारखंड के मुख्य सप्लायर की जानकारी लगते ही तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने डीआईजी राजेश अग्रवाल मिलकर साइबर सेल की मदद मांगी। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी राजेश गुप्ता ने हर संभव मदद करने की बात कही। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। साइबर सेल की मदद से गढ़वा के तीनों आरोपी रंजीत विश्वकर्मा, मंजूर अंसारी एवं प्रमोद का मोबाइल लोकेशन ट्रेस हुआ और पता चला कि तीनो पलटन घाट रामानुजगंज में है। संयुक्त टीम ने तत्काल मौके पर दबिश देकर आरोपियों को धर दबोचा और आरोपियों के पास से 7.50 लाख कीमत की 15 सौ नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम तीनों आरोपियों को पूर्व में पकड़े गए अनूप गुप्ता एवं विनय गुप्ता के अपराध में भी गिरफ्तार किया गया तथा पृथक से भी एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी, 29 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय रामानुजगंज में पेश कर रिमांड में लिया है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी इंद्रबली मारकंडे के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई.। कार्रवाई में साइबर सेल के अजीत मिश्रा, भोजराज पासवान, जितेश साहू, विकास सिन्हा,लीना तिर्की एवं आबकारी उड़नदस्ता टीम के अशोक सोनी, गणेश पांडे, रणविजय सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्रावती एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

### संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने 7.50 लाख कीमत इंजेक्शन किया जब्त



#### साइबर सेल के बिना पकड़ा नही था संभव

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि साइबर सेल की मदद के बिना सिर्फ 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार करना संभव नहीं था। झारखंड के गढ़वा क्षेत्र के मुख्य सप्लायर एवं पार्टनर को 7 लाख 50 हजार कीमत की नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा उड़नदस्ता टीम की बहुत बड़ी सफलता है। रंजीत विश्वकर्मा गढ़वा जिले का सबसे बड़ा नशीले इंजेक्शन का सप्लायर माना जाता है। रंजीत विश्वकर्मा एवं उसके साथियों को गिरफ्तार करना हम लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है। आरोपी अनूप गुप्ता ने यह भी बताया था कि यदि रंजीत विश्वकर्मा गिरफ्तार हो जाता है तो लगभग छत्तीसगढ़ में नशीले इंजेक्शन के व्यापार पर 50 प्रतिशत अंकुश लग जाएगा।

#### दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम की दो दिन के भीतर दूसरी बड़ी कार्रवाई है। 30 जनवरी को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम बतौली क्षेत्र में गश्त पर जाने के दौरान ही 6 लाख कीमत के 12 सौ नशीले इंजेक्शन के साथ सप्लायर अनूप गुप्ता व उसके जीजा को पकड़ा था। दोनों बतौली सहित आसपास क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन खपाने का काम करते थे। अनूप गुप्ता के बयान के आधार पर बीती रात संभागीय आबकारी व साइबर सेल की टीम ने मुख्य सप्लायर सहित उसके पार्टनर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

#### जारी रहेगा धर पकड़

संभाग में नशीले इंजेक्शन सहित गांजा व शराब की अवैध कारोबारियों की धरपकड़ जारी रहेगा। इस माह नशीले इंजेक्शन के तीन मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई और आगे भी धर पकड़ जारी रहेगा।

रंजीत गुप्ता,
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

## प्रेम संबंध होने के शक में युवती के प्रेमी ने की थी नृशंस हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरभंज डेम समीप जंगल में तीन दिन पूर्व मिली युवती की रक्तरंजित लाश के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है,प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29 जनवरी को पिंकी सोलंकी 22 वर्ष अपने घर से निकली थी जिसके देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई,अगले दिन 30 जनवरी को मोरभंज डेम के पास जंगल में युवती का शव मिला, जिसका गला धारदार हथियार से रेत दिया गया था,पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हेमंत उर्फ गोल 24 वर्ष मृतिका का प्रेमी था और उसे पत्नी की तरह लीव-इन रिलेशनशिप में रखे हुए था,आरोपी मृतिका के चरित्र पर शक करता था,29 जनवरी को अपने जन्मदिन का बहाना बनाकर वह पिंकी को मोटरसाइकिल से मोरभंज डेम ले गया, जहां केक काटने और शराब सेवन के बाद उसने पहले स्टॉल से गला घोंटा और फिर धारदार चाकू से गला रेतकर उसकी नृशंस हत्या कर दी,वारदात के बाद आरोपी हथियार को पानी में फेंककर मौके से फरार हो गया।

- तीन दिन पूर्व मोरभंज डेम समीप युवती की रक्तरंजिश लाश मिली थी

परिजनों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है,पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू व मोटरसाइकिल जप्त कर ली है,आरोपी प्रेमी हेमंत सोलंकी पिता कृष्ण कुमार सोलंकी, उम्र 24 वर्ष, निवासी पांडोपारा पटना (जिला कोरिया), स्थायी पता कुसमुसी, थाना भैयाथान, जिला सूरजपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है,मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत कार्रवाई की है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर ।** शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर केनापारा-तेलईकछार के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है,मृतक की पहचान राजेंद्र यादव पिता रघुनंदन यादव,निवासी पचिरा के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे हुंडई कार क्रमांक CG 29 AD 3785 में सवार सुशील कुमार एवं सुंदर, निवासी हराटिकरा,अंबिकापुर की ओर जा रहे थे,इसी दौरान पान मसाला कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत राजेंद्र यादव अपनी बाइक से घर लौट रहा था,केनापारा में शेसमन साहू के घर के सामने तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया,टक्कर के बाद कार खड़ी बाइक से टकराते हुए जयप्रकाश साहू के मकान से जा भिड़ी, जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गई,हादसे में गंभीर रूप से घायल



राजेंद्र को इलाज के लिए अंबिकापुर ले जाया गया,जहां हालत गंभीर होने पर उसका दाहिना पैर को काटकर अलग करना पड़ा,उपचार के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई,निर्धन परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य खोने से परिजन गहरे सदमे में हैं,शनिवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त पैर को काटकर अलग करना पड़ा था

## केस में फंसाने की धमकी देकर प्रधान आरक्षक ने मांगी रिश्वत, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** प्रेमिका की आत्महत्या के केस में युवक को फंसाने की धमकी देकर रिश्वत मांगने और फिर युवक द्वारा फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने प्रधान आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई की है। लखनपुर पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद प्रधान आरक्षक पन्ना लाल के खिलाफ आत्महत्या का मामला दर्ज किया है इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है। बता दें कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम चुनकडांड निवासी 20 वर्षीय आशीष मिंज ने 5 अप्रैल 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

युवक का शव सड़क किनारे पेड़ से झूलता हुआ मिला था। इस दौरान मृतक के परिजन ने प्रधान आरक्षक पन्ना लाल पर 50 हजार रुपए रिश्वत मांगने व प्रताड़ति होकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया था। इस मामले में जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक मृतक आशीष मिंज का कोरबा की नाबालिग से प्रेम प्रसंग था और 20 नवम्बर 2024 को किशोरी अपने प्रेमी आशीष मिंज से मिलने पहुंच गई थी और अगले दिन उसने युवक के घर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी थी। पूछताछ में पता चला था कि आशीष मिंज की मां ने किशोरी को अपने घर में रखने से मना कर दिया था और युवक को उसे घर वापस छोड़कर आने को कहा था। इस मामले में मृतिका के परिजन ने आशीष मिंज और उसकी मां अलमा मिंज पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की थी और इसी मामले की जांच प्राधान आरक्षक पन्नालाल कर रहे थे।

## ग्रामीण ओलंपिक में छात्रों की सुरक्षा से खिलवाड़, पिकअप में ठूंस कर ले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज. लखनपुर

विकासखंड लखनपुर के ग्राम पुहपुटरा में आयोजित ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता के दौरान स्कूली छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। शासन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने और बच्चों को बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से आयोजन किया जा रहा है, लेकिन कुछ जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता के कारण छात्रों की जान जोखिम में डाली जा रही है।



31 जनवरी को जमदार स्कूल से लगभग 43 छात्रों को एक पिकअप वाहन में भरकर पुहपुटरा खेल मैदान ले जाया गया। वापसी के समय बच्चों को लखनपुर बस स्टैंड के पास उतार दिया गया। जिस तरह खुले पिकअप वाहन में ठूंस-ठूंसकर बच्चों को ले जाया गया, वह बेहद खतरनाक है। आए दिन पिकअप वाहनों के हादसों में लोगों की जान जाने की खबरें आती रहती हैं। बावजूद इसके छोटे बच्चों को ऐसे असुरक्षित साधन से 30-40 किलोमीटर दूर भेजा जाना बड़ी लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीण ओलंपिक में लखनपुर विकासखंड के दूरदराज के स्कूलों से बड़ी संख्या में छात्र भाग ले रहे हैं, लेकिन उनके आवागमन के लिए सुरक्षित बस या अन्य उचित साधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। अनजान और उत्साहित बच्चे खेलने के लिए तो पहुंच रहे हैं, परंतु जोखिम से पूरी तरह बेखबर हैं। ऐसे में यदि समय रहते सुरक्षा का उपाय नहीं किया गया तो कभी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ प्रकाश सिंह ने बताया कि ओलंपिक में जहां से भी बच्चे खेलने आ रहे हैं उनको सचिव को जिम्मेदारी दिया गया है कि खेलने वाला बच्चों को सुरक्षित लाना और ले जाना है।

## लेबर कोड से कोयला उद्योग में बड़ा बदलाव, बदलेंगे पदनाम

**बिश्रामपुर।** देश में लागू किए जा रहे नए लेबर कोड के तहत कोयला उद्योग की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक ढांचे में बड़े बदलाव तय माने जा रहे हैं,खासकर व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता के प्रभाव से न सिर्फ पदनामों में बदलाव होगा,बल्कि यूनियनों, समितियों और सुरक्षा तंत्र की भूमिका को लेकर भी नई बहस छिड़ गई है,सूत्रों के अनुसार लेबर कोड लागू होने के बाद ओवर मैन अब माइनिंग सुपरवाइजर कहलाएंगे, वहीं माइनिंग सरदार का पदनाम बदलकर असिस्टेंट माइनिंग सुपरवाइजर कर दिया जाएगा,यह बदलाव देशभर के कोयला क्षेत्रों सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में प्रभावी होने की संभावना है,बताया जा रहा है कि लंबे समय से डिग्रीधारी ओवरमैन की जगह माइनिंग इंजीनियर और डिप्लोमाधारी माइनिंग ऑफिसर,जबकि माइनिंग सरदारों के लिए माइनिंग असिस्टेंट या माइनिंग इंस्ट्रक्टर जैसे पदनामों की मांग उठती रही है,लेकिन नए लेबर कोड के तहत सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब ओवरमैन को माइनिंग सुपरवाइजर और माइनिंग सरदार को असिस्टेंट माइनिंग सुपरवाइजर के रूप में ही जाना जाएगा। नए लेबर कोड के तहत प्रत्येक इकाई में सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य होगा। इस समिति में कुल 20 सदस्य होंगे, जिसमें 10 सदस्य प्रबंधन पक्ष से और 10 सदस्य कामगार पक्ष से होंगे।

## सूखा विशाल पेड़ बना लोगों के लिए खतरा, कभी भी हो सकती है दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज. मानीचौक

मानीचौक में स्थित एक विशालकाय सेमर का पेड़ इन दिनों लोगों के लिए भय का कारण बना हुआ है। वर्षों पुराना यह पेड़ अब पूरी तरह सूख चुका है और इसकी एक-एक डाली कभी भी टूटकर गिर सकती है। इसके बावजूद न तो वन विभाग के अधिकारी इसे हटाने में रुचि ले रहे हैं और न ही पंचायत के जनप्रतिनिधि। ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पेड़ के आसपास प्रतिदिन कई ग्रामीण सब्जी दुकान लगाते हैं। ऐसे में सुबह से शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती है। सूखी और जर्जर पेड़ के



नीचे बैठकर व्यवसाय करना दुकानदारों लिए खतरनाक हो गया है। दुकानदारों का कहना है कि तेज हवा या हल्की आंधी में भी डालियां चरमराने लगती हैं, जिससे हर पल अनहोनी की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि विगत वर्ष बरसात के दौरान इस सेमर के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिर गया था जिससे पेड़ सूखने लगी है। पेड़ के सूख जाने से पेड़ का तना कमजोर हो चुका है और ऊपरी शाखाएं गिरने के कगार पर है। बावजूद इसके संबंधित विभागों द्वारा पेड़ को हटाने अब तक कोई पहल नहीं किया है।

लोगों का कहना है सूख चुके पेड़ को हटाने के लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और वन विभाग को इस समस्या से अवगत करा चुके है लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। किसी प्रकार की पहल नहीं करने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्र के लोगों ने सूखी पेड़ को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है जिससे लोग राहत की सांस ले सके।

## धान खरीदी तिथि बढ़ाने कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज.रामचंद्रपुर।

बस स्टैण्ड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को धान खरीदी की तिथि में वृद्धि नहीं होने के विरोध में धरना-प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का जाम किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों के साथ कांग्रेस खड़ी है। सरकार धान खरीदी की तिथि बढ़ाए तथा समय पर खरीदी सुनिश्चित की जाए। कांग्रेसियों ने हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा केंद्र रामचंद्रपुर से स्थानांतरित किए जाने का विरोध किया तथा परीक्षा केंद्र रामचंद्रपुर में ही रखने की मांग की ताकि परीक्षार्थियों को दूर-दराज जाने से राहत मिल सके।

प्रदर्शनकारियों ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में 26 जनवरी को अश्लील गाने बजाकर छात्र-छात्राओं का नृत्य कराए जाने का विरोध किया मामले में दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, जनपद सदस्य मोहम्मद बख्श, जिला सदस्य साधना संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष महेंद्र यादव, लखन ठाकुर, रामचंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गांधी जी की पुण्यतिथि पर सर्व समाज एकता मंच का व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** सर्व समाज एकता मंच द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर होलीक्रॉस हायर सेकेण्डरी स्कूल में व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम में फादर थियोडोर ने कहा कि गांधी कभी मरे ही नहीं, वह हमेशा से जिंदा है। उन्हें मारने की कोशिश की जाती है। पर विचारों की हत्या नहीं की जा सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने साउथ अफ्रीका में महात्मा गांधी के व्यक्तित्व में आए बदलाव की जानकारी दी तथा कहा कि वहां के अन्याय और भेदभाव से गांधी का मन व्यथित हो उठा और उन्होंने पहला सत्याग्रह अफ्रीका में किया। यह सत्याग्रह 8 साल चला और अंत में वहां की सरकार को झुकना पड़ा और इंसान का इंसान से भेद करने वाले काले कानून वापस लेने पड़े। चरनप्रीत ने कहा कि गांधी का अन्याय के खिलाफ सबसे बड़ा शस्त्र सत्याग्रह था, जिसने फासीवादी अंग्रेज सरकार की जड़े खोद दी थी। भूख हड़ताल, असहयोग और अहिंसा से ही अन्याय का मुकाबला किया जा सकता है। गांधी ने हिंदू-मुस्लिम एकता स्थापित की। उनकी प्रार्थना सभा में कुरान की आयतें और गीता के श्लोक दोनों पढ़े जाते थे। जितेंद्र सोढ़ी ने कहा कि गांधी ने भारत में छुआछुत के खिलाफ जबरदस्त मुहिम छेड़ी। उनके आश्रम में एक दलित परिवार रहने लगा, गांधी ने अपने विरोधियों को साफ शब्दों में बताया कि उनके लिए सभी एक ही ईश्वर के पुत्र है। उन्होंने बच्चों से गांधी के बारे में अध्ययन करने की बात कही। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बिजली विभाग ने नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र के कार्यालय परिसर में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के विकास में विद्युत वितरण व्यवस्था की भूमिका को रेखांकित करना तथा उपभोक्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा। समारोह के मुख्य अतिथि दितेश राय थे,अन्य अतिथियों में नैन साय सरपंच अजबनगर,दाउत एक्का सरपंच आमगांव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतीक बारा सहायक अभियंता उपसंभाग बिश्रामपुर द्वारा की



गई,मुख्य अतिथि दितेश राय ने कहा कि बीते 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सिलफिली वितरण केंद्र ने क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर राज्य के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## फीस विनिमय अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु समिति गठित

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित प्राधिकरण से विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा दिनांक 28 सितम्बर 2020 को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनिमय अधिनियम 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला फीस निर्धारण समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में कलेक्टर, सरगुजा को अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति के सदस्यों में जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती अंकिता सिंह, शिक्षाविद आरके सेंगर, विधि विशेषज्ञ के रूप में अधिवक्ता मनोज तिवारी, अशासकीय विद्यालयों के अभिभावक तेज राय बेक एवं आनंगपाल दीक्षित, अशासकीय विद्यालयों के प्रबंधक उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रतापुरनाका, अंबिकापुर के सीपी सिंह तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्य श्रीमती मीरा सिंह को सदस्य नामित किया गया है।



# शुरू हुई रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी की तैयारी

**मुंबई।** काफी समय से साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी को लेकर खबर चल रही है। ऐसी चर्चा थी कि फरवरी महीने में दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर उदयपुर से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया है कि यहां पर रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी होने वाली है। यह शादी 2 फरवरी को होगी। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जो उदयपुर के सिटी प्लेस का है। इस वीडियो में दो लड़कियां बताती हैं कि यहां पर रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की कल शादी होने वाली है।

लाइफ Style

# नीलम

## गोविंदा के साथ रोमांस की अफवाहों पर रखी राय

अभिनेता गोविंदा कई वजहों से अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब वह अभिनेत्री नीलम के बयान के बाद चर्चा में आ गए हैं। 1980 और 1990 के दशक में गोविंदा ने नीलम कोठारी के साथ कई फिल्मों में काम किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दोनों ने अपनी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीता। अक्सर उनके रोमांस की अफवाहें उड़ीं। गोविंदा ने यह माना कि वह नीलम की तरफ आकर्षित थे। उन्होंने उनसे शादी करने के बारे में सोचा था। हालांकि, नीलम ने अब इस तरह की बातों को पूरी तरह से खारिज किया है। उषा काकडे प्रोडक्शन के साथ बातचीत में नीलम कोठारी से गोविंदा के साथ रोमांस के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा 'यह किसने कहा? गोविंदा जी बहुत ही अच्छे इंसान हैं, मगर यह जो सवाल है, यह सच नहीं है। हमने कई हिट फिल्में की हैं। हमारे बीच कुछ नहीं था।' एक्ट्रेस ने 90 के दशक में अपनी केमिस्ट्री को लेकर मीडिया में मचे बवाल के बारे में कहा, 'मुझे लगता है कि उस वक्त लिंक-अप्स पर कोई सफाई देने वाला नहीं था। उन्हें जो मन करता था, वे छाप देते थे। मुझे लगता है कि उन दिनों हम प्रेस से डरते थे। अगर आप किसी के साथ लगातार 2-3 से ज्यादा फिल्में करते थे, तो यह मान लिया जाता था कि... आप दोनों साथ हैं।' 1980 और 1990 के दशक की शुरुआत में, गोविंदा और नीलम कोठारी ने लगभग एक दर्जन फिल्मों में काम किया। इसमें 'इल्जाम', 'खुदगर्ज', सिंदूर, फर्ज की जंग, बिल्लू बादशाह, ताकतवर और घराना जैसी फिल्में शामिल हैं।



हॉलीवुड मसाला




# रैपर पर टूटा दुखों का पहाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के लोकप्रिय रैपर-सिंगर और एक्टर स्नूप डॉग की पोती का निधन हो गया है। स्नूप की महज दस महीने की पोती कोडी ड्रेक्स का निधन 26 जनवरी को हुआ। बेबी कोडी अस्पताल में भर्ती थी। घर लौटने के कुछ ही हफ्ते बाद बच्ची का निधन हो गया। बता दें कि कोडी, स्नूप डॉग की बेटी कोरी ब्रॉडस की बिटिया थीं। कोरी ब्रॉडस, स्नैप डॉग की सबसे छोटी संतान हैं और वे इकलौती बेटी हैं। कोरी की दस महीने की बेटी कोडी ड्रेक्स के निधन से परिवार शोक में डूबा है।



# कैथरीन को याद किया एक्टर मैकाले ने ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'होम अलोन' की एक्ट्रेस कैथरीन ओहारा ने निधन से हॉलीवुड में दुख की लहर है। उनके साथ अभिनय करने वाले कलाकार भी गमगीन हैं। 'होम अलोन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के रोल में दिखे मैकाले कल्किन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कैथरीन को याद किया है। फिल्म 'होम अलोन' में साल 1990 में रिलीज हुई थी। उस वक्त मैकाले कल्किन एक चाइल्ड आर्टिस्ट थे। अब वह 45 साल के हो चुके हैं। फिल्म 'होम अलोन' में उनके किरदार केविन की मां का रोल कैथरीन ने निभाया था। मैकाले, कैथरीन के काफी करीब थे। एक्ट्रेस के निधन की खबर सुनकर वह काफी दुखी हैं। शनिवार को मैकाले कल्किन ने एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए कैथरीन को याद किया है।



# अरिजीत के फैसले पर जताई हैरानी...

**मुंबई।** अरिजीत सिंह ने अचानक प्लेबैक सिंगिंग छोड़ने के अपने फैसले से हर किसी को हैरान कर दिया। अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने भी अरिजीत सिंह के फैसले पर हैरानी जताई है। साथ ही उनका कहना है कि वो अब फिल्मों में अरिजीत के गानों को मिस करेंगी। अदिति ने कहा कि हे भगवान! मुझे अरिजीत की आवाज बहुत ही पसंद है। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। उनकी आवाज की बहुत याद आएगी। लेकिन आप जानते हैं, मेरा मानना है कि एक कलाकार हमेशा कलाकार रहता है। एक रचनाकार हमेशा रचनाकार रहता है और कुछ भी हो सकता है। लेकिन कुछ करने की शक्ति, इच्छाशक्ति, सपना, प्रेम हमेशा आपके भीतर रहता है। एक रचनाकार हमेशा सृजन करता रहेगा। इसलिए वह हमेशा गाते रहेंगे।



# 'टॉक्सिक' के टीजर का का किया बचाव

**मुंबई।** फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के टीजर का सपोर्ट किया है। उन्होंने बताया कि टॉक्सिक के क्लिप के खिलाफ विरोध से पता चलता है कि दर्शक स्क्रीन पर पुरुष और महिला की सेक्सुअलिटी पर कैसे दोहरा रवैया अपनाते हैं। 17वें बेंगलुरु इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान 'फियरलेस फिल्ममेकिंग' नाम के एक सेशन में अनुराग कश्यप ने कहा, 'टॉक्सिक के टीजर के खिलाफ जो गुस्सा दिखाया जा रहा है, वह हमारे कल्चरल पाखंड को दिखाता है। जब मेल एक्टर स्क्रीन पर शर्टलेस दिखते हैं या मर्दानगी दिखाते हैं, तो कोई सवाल नहीं उठाता। लेकिन जब कोई महिला अपनी सेक्सुअलिटी को दिखाती है, तो उसे स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है।'

टीवी मसाला



# टीवी की 'नागिन' चली बड़े पर्दे की राह कई सीरियल्स पर बनीं चर्चित फिल्में

**मुंबई।** एकता कपूर सीरियल 'नागिन' सीरीज को फिल्म के तौर पर भी पेश करने वाली है। ऐसी चर्चा सुनने को मिल रही है। जानिए, 'नागिन' सीरियल से पहले कौन-कौन से सीरियल पर फिल्म बन चुकी है। कुछ हिंदी टीवी सीरियल की कहानी बॉलीवुड फिल्मों से इंस्पायर होती है। लेकिन कुछ सीरियल अपने अलग तरह के कंटेंट की वजह से चर्चा में रहते हैं। इन दिनों 'नागिन 7' ने टीवी सीरियल की दुनिया में हलचल मचा रखी है। खबर है कि प्रोड्यूसर एकता कपूर अब इस सीरियल को फिल्म के तौर पर भी बनाने वाली है। लेकिन यह पहला सीरियल नहीं होगा, जिस पर फिल्म बन रही है। इससे पहले भी कई सीरियल ने यह राह पकड़ी है। जानिए, ऐसे ही कुछ चर्चित सीरियल्स के बारे में।

**नागिन** : हाल ही में एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। तीसरे हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसने टॉप पर जगह बनाई है। यह सीरियल दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। सीरियल में नागिन का लीड रोल प्रियंका चाहर चौधरी निभाई रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस टीवी सीरीज पर अब प्रोड्यूसर एकता कपूर फिल्म बनाने का सोच रही हैं। तो दर्शकों को टीवी की 'नागिन' बड़े पर्दे पर दिख सकती है।

**खिचड़ी** : सीरियल 'खिचड़ी' को दर्शकों ने टीवी पर खूब प्यार दिया था। यह कॉमेडी सीरियल जेडी मजेठिया ने प्रोड्यूस किया था। इस सीरियल पर एक फिल्म 'खिचड़ी द मूवी' साल 2010 में बनी थी। फिल्म में भी सीरियल की कास्ट नजर आई। इसमें सुप्रिया पाठक, राजीव मेहता, निमिषा वखारिया और जमनादास मजेठिया लीड रोल में दिखे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कलेक्शन किया था। साल 2023 में 'खिचड़ी 2' फिल्म भी रिलीज हुई थी। इन दोनों फिल्मों को फिल्म आतिश कपाड़िया ने निर्देशित किया था।

**चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस** : साल 2010 में पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'चला मुसद्दी ऑफिस ऑफिस' भी रिलीज हुई। यह फिल्म भी टीवी के पॉपुलर सटायर कॉमेडी शो 'ऑफिस ऑफिस' पर बनी थी, यह सीरियल 2001 में टीवी पर टेलीकास्ट हुआ था। सीरियल और फिल्म में पंकज कपूर एक आम आदमी के रोल में नजर आए, जो सरकारी सिस्टम के जाल, भ्रष्टाचार के बीच फंस जाता है। फिल्म के निर्देशक राजीव मेहरा थे।

**भाबी जी घर पर हैं** : सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' भी टीवी पर कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। अब इस सीरियल के किरदार और कहानी को दर्शक बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखेंगे। सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में आसिफ शेख, शुभांगी अत्रे, रोहताश गौर जैसे एक्टर्स नजर आते थे। यह सभी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं फिल्म में रवि किशन, मुकेश तिवारी जैसे उम्दा कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म 'भाबी जी घर पर हैं' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म को शंशाक बाली ने निर्देशित किया है।

# गौरव खन्ना के तलाक की चर्चा पर आकांक्षा ने दी प्रतिक्रिया

**मुंबई।** गौरव खन्ना बिग बॉस 19 जीतने के बाद से लगातार चर्चाओं में बने हैं। कभी अपनी पार्टी तो कभी अपनी पत्नी का डांस और अब पत्नी की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर। अब हाल ही में गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ने एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा की थी। जिसके बाद गौरव और आकांक्षा के तलाक के कयास लगाए जाने लगे थे। अब इन खबरों के बढ़ने के बाद आकांक्षा ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। बातचीत में आकांक्षा चमोला ने अपनी पोस्ट के बाद शादी में कलह को लेकर चलने वाली खबरों को खारिज किया। आकांक्षा ने कहा कि हमारे वैवाहिक जीवन में कोई समस्या नहीं है, और उस पोस्ट का गौरव से कोई लेना-देना नहीं था। मैं सोशल मीडिया पर निजी मामलों पर चर्चा नहीं करती। वह पोस्ट मेरी आने वाली सीरीज के प्रमोशन के लिए थी। इसका अलग-अलग अर्थ निकाला जा सकता था, लेकिन इसे बेवजह बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। मेरा वैवाहिक जीवन स्थिर है और पोस्ट का निजी जीवन से कोई संबंध नहीं है।



***हमारे बीच कोई तुलना नहीं*** : ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर आकांक्षा ने कहा कि मैं इस समय ट्रोलिंग की क्वीन बनी हुई हूं। मैं हमेशा से इस विषय पर खुलकर बोलती रही हूं। गौरव थोड़ा सतर्क हैं क्योंकि वह मेरी इमेज की रक्षा करना चाहते हैं। हमारे बीच उम्र का अंतर है और वह मेरी बात समझने के लिए काफी समझदार हैं। मैंने साफ तौर पर कहा है कि मैं मातृत्व को नहीं चुनती। यह मेरा निजी फैसला है और मुझे इसे किसी के सामने सही ठहराने की जरूरत नहीं है।

# रहमान ने अपने बयान का किया बचाव और कहा, 'दुनिया के साथ यही दिक्कत है...'

**मुंबई।** एआर रहमान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए शो में नजर आए। यहां उन्होंने फिल्म 'गांधी टॉक्स' के बारे में बात की। उन्होंने इंडस्ट्री में काम मिलने वाले अपने बयान की तरफ भी इशारा किया। संगीतकार एआर रहमान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलने पर दिए गए अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। पिछले महीने उन्होंने यह कहकर सबका ध्यान खींचा था कि हाल के दिनों में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री 'सांप्रदायिक' हो गई लगती है। बाद में उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरह से लिया गया। अब उन्होंने कहा कि कोई भी संदेश आगे बढ़ने पर बदल सकते हैं।

***बयान पर क्या बोले एआर रहमान*** : एआर रहमान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड में नजर आए। यहां उन्होंने कहा 'यह देखना दिलचस्प है कि जानकारी कैसे गलत समझी जाती है। अलग राज्य और अलग संस्कृति का असर पड़ता है। दुनिया के साथ यह दिक्कत है कि कोई भी संदेश बीच में ही खराब हो जाता है।'



### 'गांधी टॉक्स' पर बोले रहमान

*एआर रहमान शो में अपनी नई फिल्म 'गांधी टॉक्स' के बारे में बात करने के लिए आए थे। इस फिल्म का निर्देशन किशोर बेलेकर ने किया है। इसमें विजय सेतुपति और अदिति राव हैदरी ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए संगीतकार ने कहा कि बिना डायलॉग वाली फिल्म में काम करने में आजादी भी थी और दबाव भी था। उन्होंने कहा 'अगर किसी फिल्म में आवाज नहीं है तो यह संगीत के लिए जश्न है। आपके पास संगीत बनाने के लिए बहुत मौका है। हालांकि यह परेशान करने वाला भी है कि लोग आपको जज करेंगे।'*

### क्या बोले थे रहमान?

*एआर रहमान ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क के साथ बातचीत में बताया था कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कम काम मिला है। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा 'शायद पिछले आठ वर्षों में पावर शिफ्ट हुआ है। अब पावर उन लोगों के पास है जो क्रिएटिव नहीं हैं। यह कोई सांप्रदायिक बात भी हो सकती है... लेकिन यह मेरे साथ नहीं हुआ।' उनके इस बयान पर कई सेलेब्स ने प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद रहमान ने सफाई दी थी।*

## इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ कर रहे हैं होस्ट

# अब तक कई भारतीयों को मिल चुका है ग्रैमी अवॉर्ड

*मुंबई। 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स भारत में सोमवार को देखने को मिलेंगे। इस बार कई भारतीयों को नॉमिनेशन मिला है। लेकिन इससे पहले जानते हैं उन भारतीयों के बारे में जिन्होंने अब तक ग्रैमी अवॉर्ड जीता है। संगीत जगत के सबसे बड़े अवॉर्ड ग्रैमी अवॉर्ड का आयोजन 1 फरवरी को लांस एंजिल्स के क्रिप्टो कॉम एरिना में किया गया। इस अवॉर्ड में भारत की भी नजरें लगी हुई हैं। क्योंकि अनुष्का शंकर समेत भारत की ओर से संगीतकार सिद्धांत भाटिया, शक्ति और पियानो वादक एवं संगीतकार चारू सूरी को भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए नामित किया गया है। इनमें से कौन ये अवॉर्ड अपने नाम करेगा, इसका तो समय आने पर ही पता चलेगा।*



### जाकिर हुसैन को अलग-अलग कैटेगरी में चार बार मिला ग्रैमी

साल 1994 में विश्व मोहन भट्ट को बेस्ट वर्ल्ड म्यूजिक अल्बम के लिए अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा भारत के दिग्गज तबला वादक जाकिर हुसैन को चार बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला है। जाकिर हुसैन को पहली बार साल 2009 में बेस्ट कंटेम्परेरी वर्ल्ड म्यूजिक अल्बम के लिए ग्रैमी मिला था। इसके बाद जाकिर हुसैन को साल 2023 में राकेश चौरसिया के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस के लिए ग्रैमी मिला। 2024 में जाकिर हुसैन और राकेश चौरसिया ने फिर ग्रैमी अवॉर्ड जीता। इस बार दोनों को बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रूमेंटल अल्बम के लिए ग्रैमी मिला था। 2024 में जाकिर हुसैन को फिर ग्रैमी मिला। इस बार वो शक्ति बैंड का हिस्सा थे।

### इन्हें भी मिला है अवॉर्ड

इसके अलावा कई भारतीयों ने ग्रैमी अपने नाम किया है। पीए दीपक (2 बार) (2010 और 2022) एच श्रीधर (2010) गुलजार, एआर रहमान और तन्वी शाह (2010) रिकी केज (3 बार) (2015, 2019, 2023) फैलू (2022) वी सेलवागणेश, गणेश राजगोपालन, शंकर महादेवन और चंद्रिका टंडन के भी नाम शामिल हैं। इन सभी को साल 2024 में मिला था। इस बार 68वें ग्रैमी अवॉड्र्स का आयोजन 1 फरवरी रविवार को हुआ। यह अवॉर्ड फंक्शन रात 8 बजे से शुरू हुआ और 11.30 बजे (अमेरिका के समयानुसार) तक चलेगा। यह यूट्यूब और ग्रैमी अवॉड्र्स की वेबसाइट पर लाइव स्ट्रीम होंगे। वैसे यह अवॉर्ड फंक्शन सीबीएस (ब्रॉडकास्टर) पर भी टेलीकास्ट होंगे। हालांकि, भारत में ग्रैमी अवॉर्ड को सोमवार 2 फरवरी को देखा जा सकेगा। भारत में ये 2 फरवरी सुबह 6:30 बजे से जीयो हॉटस्टार पर लाइव देखा जा सकता है। इस बार अवॉर्ड फंक्शन को कॉमेडियन ट्रेवर नोआ होस्ट कर रहे हैं। वह आखिरी बार ग्रैमी को होस्ट करने वाले हैं।

### पंडित रविशंकर पहले भारतीय

ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाले भारतीयों की बात करें तो सबसे पहले साल 1968 में पंडित रविशंकर ने जीता था। इसके बाद उन्हें साल 1973, 2002 और 2013 में भी ये अवॉर्ड मिला है। 2013 में ही पंडित रविशंकर को लाइफटाइम अचीवमेंट भी मिला था।

## खबर संक्षेप



### अनिता बने उलखर कोसीर कांग्रेस अध्यक्ष

**कोसीर।** उलखर कोसीर महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने पर अनिता संदीप बनज ने पार्टी के सभी वरिष्ठ जन छतीसगढ कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष फूलो देवी नेताम जिला अध्यक्ष सरिता गोपाल सारंगढ विधायक उतरी जागडे पूर्व विधायक पदमा घनश्याम जिला अध्यक्ष युवा सतीश यादव को शॉल फल भेंट कर आभार प्रकट किया। अनिता बनज ने कही आप सभी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है उसे बखूबी निभाउंगी।

### अमृत बने सारंगढ़, बिलाईगढ़ के युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** युवा कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे अमृत साहू को युवा कांग्रेस सारंगढ़ बिलाईगढ़ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अमृत साहू ने राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सहप्रभारी श्रीमती मोनिका भंडारी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी विराज चंद्राकर, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शुभम वाजपेई, बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरें, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन एवं मंडल अध्यक्ष भगवानु जायसवाल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अमृत साहू ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास और जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

### साप्ताहिक बाजार में युवक पर चाकू से हमला

**सुंदरगढ़।** भस्मा थाना अंतर्गत मंगसपुर गांव के साप्ताहिक बाजार में चाकू से हमले की घटना सामने आईए जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता सुरेश नेटी के अनुसार, उनका भतीजा विकास नेटी स्थानीय बाजार में सब्जी खरीद रहा था। उसी दौरान कुर्ला गांव का असमित गड़दिया उर्फ तिलक ने बिना कुछ कहे अचानक चाकू से उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर बार बार हमला करने लगा। गंभीर रूप से घायल होकर विकास खून से लथपथ अवस्था में नीचे गिर पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों और बाजार आए लोगों की मदद से गंभीर हालत में विकास को बचाकर मंगसपुर अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर भस्मा थाना के आईआईसी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे तुरंत सुंदरगढ़ जिला मुख्य अस्पताल रेफर कर दिया। 18 जुलाई 2025 को इसी साप्ताहिक बाजार में उक्त आरोपी ने कुर्ला गांव के एक अन्य युवक पर भी चाकू से हमला किया था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कलश यात्रा के ...

समिति के कार्यकर्ताओं ने शहर के गली मुहल्लों में घर-घर में दस्तक दे कर शहरवासियों को पीला चावल देकर भागवत कथा और कलश यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। आयोजन समिति की सीमा गुप्ता, नीतू गुप्ता ने बताया कि कथा का शुभारंभ 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 9 बजे से पक्कीडांड़ी से शुरू होगी। पूर्व पार्षद नीतू गुप्ता ने इस कलश यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालु महिलाओं से शामिल होने की अपील की है। समिति के व्यस्थापक अतुल मुंदडा ने बताया कि इस दिन भंडारा का आयोजन भी किया गया है।

---

विधायक ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा

# शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज में वार्षिक उत्सव, किया गया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में 31 जनवरी को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे रहीं, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्रा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कविता प्राण लहरे द्वारा सरस्वती माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद वीर नारायण सिंह की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सुस्वागतम्-गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य गीत अरपा पैरी के धार पर छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक कविता प्राण लहरे द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




छात्रा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विधायक।

अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय की स्थापना को 35 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, किंतु अब तक स्नातकोत्तर कक्षाओं की शुरुआत नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि यहां के विद्यार्थी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, ऐसे में स्नातकोत्तर शिक्षा की शुरुआत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विधायक से शासन स्तर पर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रारंभ कराने की मांग रखने का अनुरोध किया। मुख्य अतिथि विधायक ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस, वन, पायलट जैसे कई विभागों में वर्दी पहचान बनती है, लेकिन उस वर्दी के योग्य बनने की नींव शिक्षा ही रखती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि चाहे वे एसडीएम, कलेक्टर या मंत्री बनें, लेकिन अपने गुरुजनों का सम्मान कभी न भूलें। विधायक ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार की मांग पर महाविद्यालय परिसर के सामने विद्यार्थी प्रतीक्षालय निर्माण की घोषणा करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की सशक्त आधारशिला है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता रामनारायण भट्ट, जगदीश पांडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ के अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर भट्ट, कांग्रेस नेता बलराम देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, बिलाईगढ़ साहू समाज अध्यक्ष रामनारायण साहू, सुनीता विक्रम कोसले सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्यए प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साह, सम्मान और प्रेरणा दायी संदेशों के साथ हुआ, जिससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

---

# केंद्रीय बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर किया गया तैयार: मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





**बजट में गंभीर बीमारी सहित 17 प्रकार की आवश्यक दवाइयों पर कर में दिया गया छूट**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत हालिया केंद्रीय बजट को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने इसे देशहित में बताया है। कुनकुरी शहर निवासी राजकुमार गुप्ता ने कहा कि बजट में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी सहित 17 प्रकार की आवश्यक दवाइयों पर कर में छूट तथा ग्रीन कॉरिडोर के लिए प्रावधान किया जाना आमजन के लिए लाभकारी कदम है।

उन्होंने इसे स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने वाला बजट बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में अमित मिश्रा ने भी केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि आयकर अधिनियम 2025 के अंतर्गत 75,000 हजार की छूट से मध्यम वर्ग को विशेष राहत मिलेगी। साथ ही बजट में स्वास्थ्य, युवाओं और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे आने वाले समय में हजारों नई नौकरियों के अवसर सृजित होंगे। श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत इस जनकल्याणकारी बजट के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बहुचर्चित बैंक डकैती का मुख्य आरोपी सिपु घायल

**केन्दुझर।** केन्दुझर जिले के बड़बिल थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई बहुचर्चित डकैती के मुख्य आरोपी और अंतरराज्यीय मोस्ट वांटेड अपराधी सिपु कुमार को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई ओडिशा झारखंड सीमा पर स्थित टांकुरा जंगल में देर रात चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई, जिसमें आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले बड़बिल थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बड़ी डकैती की घटना सामने आई थीए जिस पर थाना कांड संख्या 29/26 दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

---

# श्रद्धा भाव के साथ हुआ कोसीर सतनाम सत्संग समारोह

**कोसीर।** कोसीर नावाबस्ती आयोजित तीन दिवसीय सतनाम सत्संग समारोह पूरी श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन अतिथिगण भारी संख्या उपस्थित हुए ।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता जायसवाल जिला कार्यकारिणी सदस्य देवकूभारी लहरे जनपद सदस्य हीरा भैरवनाथ जाटवर कार्यक्रम अध्यक्ष चैतबाई वही कांगेस उलखर कोसीर ब्लॉक अध्यक्ष अनिता संदीप बनज कोसीर सरपंच राव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भारी संख्या भे उपस्थित हुए । कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि ऐसे ही कार्यक्रम होते रहना चाहिए इसके फलस्वरूप गांव भक्तिमय रहता है तथा लोगो को एक अच्छी सीख की पहल होती है। इस सतसंग समारोह से गांव के सभी लोग काफी उत्साहित रहे। दूरदराज से लोग भारी संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाया । पंथी नृत्य पार्टी की भी धमाल रहा। दूर दूर गांव से आकर अपनी पंथी नृत्य कर प्रदर्शन किया जिसकी काफी सराहनीय हुई।



---

# प्रशासन गांव की ओर, जनता के द्वार पहुंचेगी शासन की योजनाएं

## जिला स्तरीय शिविर 11 फरवरी को ग्राम पंचायत बोखी में

**जशपुरनगर।** जिले में शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को संतृप्त करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विकास खंडों के क्लस्टर ग्राम पंचायतों में सुशासन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह शिविर 6 से 27 फरवरी तक 32 ग्राम पंचायतों में लगेगी। जिला स्तरीय शिविर 11 फरवरी को ग्राम पंचायत बोखी में आयोजित की जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग कार्ड, नामांतरण-बंटवारा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नल-जल जैसी सेवाओं के लिए आवेदन भी प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। जिले में सुशासन शिविरों की शुरुआत 6 फरवरी 2026 से होगी। इस दिन चराईडांड, बड़ाबनाई, कोदोपारा एवं तिरसोठ ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। इसके पश्चात 9 फरवरी को खटंगा, इचोली, चंद्रपुर एवं जुरतेला ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। 13 फरवरी को बासुदेवपुर, फुलझर, पिलखी एवं पंगसुवा ग्राम पंचायत में सुशासन शिविर आयोजित होंगे। इसी क्रम में 16 फरवरी को लोरो, खुटगाँव, मुड़ापारा, नन्हेसर एवं पुत्रीचौरा ग्राम पंचायतों में सुशासन शिविर आयोजित किए जाएंगे। 20 फरवरी को भंडरी, भेलवां, करडीह एवं बटईकेला ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होंगे। 23 फरवरी को खरवाटोली, बम्हनमारा, गिद्धा एवं नकबार ग्राम पंचायतों में सुशासन शिविर लगाए जाएंगे। इसके बाद 26 फरवरी को केराडीह, खारपानी एवं करदना ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। 27 फरवरी को जोकारी, कोहपानी, एवं सागीभावना, सोनक्यारी ग्राम पंचायतों में सुशासन शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा विकासखण्ड स्तरीय शिविरों के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पत्थलगांव, फरसाबहार, जशपुर, बगीचा एवं कुनकुरी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में तहसीलदार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन परिक्षेत्र अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ठ कृषि अधिकारी, उद्यान अधीक्षक, महिला-बाल विकास विभाग, खाद्य निरीक्षक, पशुपालन, रेशम विभाग, पंचायत अमला, आंगनबाड़ी, मितानिन, एनआरएलएम, कोटवार, पटवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर श्री व्यास ने निर्देशित किया है कि सभी नोडल अधिकारी शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक शिविर के उपरांत पालन प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करें।

**खास बात**

- 6 से 27 फरवरी तक 32 ग्राम पंचायतों में सुशासन शिविरों का होगा व्यापक आयोजन

---

# उदित नगर में पुलिस पब्लिक समन्वय की पहल

**राउरकेला।** उदित नगर थाना अंतर्गत आम पुलिस समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार की शाम मालगोदाम स्थित सर्व भौतिक आश्रम परिसर में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना तथा पुलिस व आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस बैठक में उदित नगर थाना प्रभारी जेके साहू, सह प्रभारी ज्योत्स्ना सेठ समेत करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और नागरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में मालगोदाम क्षेत्र सहित थाना क्षेत्र के सीता राम दत्ताएचंदन विश्वकर्मा, कन्हैया विश्वकर्मा, दुर्गी साहू, टिल्लू, कुम्बो प्रसाद समेत दर्जनों प्रमुख नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं, सुरक्षा संबंधी चुनौतियों और पुलिस से अपेक्षाओं को खुलकर रखा। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही अपराध पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना समय पर पुलिस को देने तथा आपसी सहयोग बढ़ाने की अपील की गई।

# अस्मिता खेलो इंडिया में सुंदरगढ़ के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**राउरकेला।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक अस्मिता खेलो इंडिया जोनल लीग का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप का आयोजन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा द्वारा किया गया, जिसे ओडिशा सरकार के युवा एवं खेल विभाग का सहयोग प्राप्त था।

प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली योगासन खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सुंदरगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए दो उभरती हुई खिलाड़ी प्रत्याशा साहू और देव्यांशी दीपानिता ने आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त कियाए जो जिले के लिए गौरव का विषय है। इस चैंपियनशिप में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एके गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहींए ओडिशा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष समीर मोहंती तथा योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के सचिव मनोज कुमार मोहंती ने भी आयोजन की शोभा बढ़ाई। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ सुंदरगढ़ के महासचिव जितेंद्र कुमार ने आधिकारिक निर्णायक जज के रूप में अपनी भूमिका निभाई, जिससे प्रतियोगिता के तकनीकी स्तर और निष्पक्ष मूल्यांकन को मजबूती मिली।




# चोरी के मोबाइल, नकदी हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**राजगंगपुर।** राजगंगपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई तीन अलग अलग लूट की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन, नकदी और अपराध में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई को पुलिस की सतर्कता और त्वरित जांच का अहम परिणाम माना जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये बरामदगियां राजगंगपुर थाना में दर्ज विभिन्न मामलों से संबंधित हैं राजगंगपुर थाना में 30 जनवरी भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 309(4) के तहत दर्ज इस मामले में पुलिस ने एक लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। राजगंगपुर थाना कांड संख्या 59, 29 जनवरी को इस प्रकरण में आरोपी के पास से दो लूटे गए मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में 3,000 की लूटी हुई नकदी, अपराध में प्रयुक्त एक चाकू तथा एक लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। तीनों मामलों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

---

# महानदी से रेत का अवैध खनन जारी, बेखौफ हो रहा है परिवहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला और आसपास के इलाकों में अवैध रेत खनन और परिवहन बेलगाम होता जा रहा है। महानदी के किनारे दिनदहाड़े रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है और भारी वाहनों से इसकी खुलेआम परिवहन की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर दिन सुबह होते ही रेत तस्करों का नेटवर्क सक्रिय हो जाता है।

ट्रैक्टर, हाइवा और ट्रकों के जरिए रेत का परिवहन दिनभर चलती रहती है। कई जगहों पर तो रात के अंधेरे में भी खनन जारी रहने की बात सामने आ रही है। धीरे धीरे बरमकेला अवैध कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है। अवैध रेत खनन के साथ साथ अवैध ईंट भट्ठों और निर्माण गतिविधियों की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि रेत तस्करों का नेटवर्क इतना मजबूत हो चुका है कि उन्हें किसी कार्रवाई का डर ही नहीं रह गया है। नियम कानून को ताक पर रखकर खनन और परिवहन किया जा रहा है। इस पूरे



मामले पर तहसीलदार पुष्पेंद्र राज से पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन उठाना भी उचित नहीं समझा।

# पुसौर के जगन्नाथ मंदिर में चल रहा अष्टप्रहरी नामयज्ञ

**पुसौर।** पुसौर के जगन्नाथ मंदिर में पिछले कई वर्षो से माघ चतुर्दशी के दिन अष्टप्रहरी नाम यज्ञ का शुभारंभ होकर पूर्णिमा के दिन समापन होता हे। इसी कड़ी में बीते माघ चतुर्दशी के दिन हरे राम हरे राम राम राम हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। महामंत्र के अखंड जाप संकीर्तन्य स्वरूप में प्रारंभ हो चुका है। जिसमें वार्ड वासी अपने अपने पारी में जाकर नाम संकीर्तन्य का आनंद लेते हुए अपनी कर्तव्य का भी निर्वहन कर रहे हैं।

नगर उपाध्यक्ष उमेश साव अपने इसी का कर्तव्य निर्वहन किया और वहां अपेक्षित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यथोचित मार्गदर्शन दिया। ज्ञात हो कि समापन के अवसर पर आसपास के कीर्तन पार्टी आकर यहां भक्तिमय वातावरण के श्रृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं वहीं पुसौर के मंदिर परिसर के कीर्तन पार्टी दधिभांड भंजन कार्यक्रम में नाटकीय रूप देते हुए भगवान कृष्ण की आराधना करते हैं जिसमें उपस्थित श्रद्धालु दीर्घा के जरिए ये आए दिन वाहवाही बटोरती रही है।







